लगातार अवकाश के चलते जावरा मंडी कई दिन बंद रहेगी, किसान उपज लेकर न आएं

जावरा। कृषि उपज मंडी समिति जावरा द्वारा कृषक, व्यापारी, तुलावटी एवं हम्माल बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है। मंडी सचिव द्वारा जारी किए गए आदेश में बताया कि आगामी दिनों में लगातार शासकीय व स्थानीय अवकाश रहने के कारण अरनियापीठा प्रांगण जावरा तथा सभी उपमंडियां बंद रहेंगी। जारी सूचना के अनुसार – 28 फरवरी 2026 को माह का चौथा शनिवार, 01 मार्च 2026 को रविवार (शासकीय अवकाश), 03 मार्च 2026 को धुलेंडी (होली का दूसरा दिन), 05 मार्च 2026 को कलेक्टर द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश, 06 मार्च 2026 को रमजान माह का तीसरा शुक्रवार होने के चलते इन सभी तिथियों पर मंडी परिसर में नीलामी कार्य पूर्णतः बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने किसानों से विशेष आग्रह किया है कि उपरोक्त दिनों में अपनी कृषि उपज बिक्री/नीलामी हेतु मंडी परिसर में न लाएं, अन्यथा अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

1 मार्च को समग्र मालवा फाग उत्सव

जावरा। समग्र मालवा व्दारा फाग उत्सव का आयोजन 1 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे श्री राम विधा मन्दिर होगा। समग्र मालवा संयोजक मनोहर सिह चौहान, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र त्रिवेदी एवं वीरेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि समग्र मालवा द्वारा प्रति वर्ष फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह जावरा नगर में मनाया जाता है। जिसमें नगर के प्रबुद्ध नागरिक साहित्यकार, पत्रकार अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करते हैं। अध्यक्ष अभय कोठारी, महासचिव महेश शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक रमेश मनोहरा, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष दिलीप त्रिवेदी, जगदीश उपमन्यु, विनोद चोरसिया, अभय श्रीवास्तव, अशोक तिवारी आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की हैं।

सनावद सुपर फास्ट पैसेंजर को ओंकारेश्वर रोड तक विस्तार देने की मांग

खंडवा । खंडवा की सामाजिक संस्था जनमंच के सदस्यों ने रेलमंत्री को मेल और ट्वीट करके सनावद ट्रेन का ओंकारेश्वर रोड स्टेशन तक विस्तार करने की मांग की हैमांग को लेकर जनमंच सदस्यों ने प्रधानमंत्री और रेलमंत्री को मेल किए हैं।जनमंच सदस्यों ने बताया कि तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक ब्रॉडगेज रेल लाइन का कार्य लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व पूर्ण हो चुका है, लेकिन रेलवे विभाग अभी तक खंडवा-सनावद मेमू ट्रेन का आवागमन ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक शुरू नहीं करवा सका है। जबकि क्षेत्रवासी बड़ी बेसब्री से मेमू ट्रेन का संचालन ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। निमाड़ क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि आगामी सिंहस्थ- 2028 के पूर्व ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन भोपाल और भुसावल से जुड़ जाएगा। ताकि उत्तर और दक्षिण भारत से आने वाले तीर्थ यात्री सुगमतापूर्वक तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर और जैन तीर्थ सिद्धवरकूट आवागमन कर सकें। जनमंच सदस्यों ने बताया कि गत 15 जुलाई 2024 को सनावद रेलवे स्टेशन से ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन के बीच नव स्थापित ब्रॉडगेज रेलवे लाइन पर ट्रेन को 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाकर रेलवे ट्रेक का सफलतापूर्वक परीक्षण (सीआरएस) किया जा चुका है।सफल परीक्षण के बाद रेलवे विभाग ने ब्रॉडगेज रेल लाइन को ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक ट्रेन संचालन का सुरक्षा क्लियरेंस दे दिया है।लेकिन डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी मेमू ट्रेन का ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन तक आवागमन शुरू नहीं किया जा सका है। खंडवा जनमंच और निमाड़ मालवा रेल विकास समिति के चंद्र कुमार सांड, अनुराग बंसल कमल नागपाल, सुनील जैन,गणेश कानडे, धीरेन्द्र सिंह, डॉ.राजेंद्र पलोड़,ओमप्रकाश बंसल,राकेश गेहलोत आदि ने बताया कि लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व वर्तमान महाप्रबंधक ने समिति सदस्यों को बताया था कि ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक निर्माण कार्य किया जा रहा है और कार्य पूर्ण होने में लगभग तीन माह का समय लगेगा।इसके पश्चात ही मेमू ट्रेन ओंकारेश्वर रेलवे स्टेशन पर आ सकेंगी। लेकिन पश्चिम रेलवे ने हमेशा की तरह अपने लापरवाही के रिकार्ड को कायम रखते हुए डेढ़ वर्ष से अधिक का समय निकाल दिया।लेकिन अभी तक यात्रियों को ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन की सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही हैं। रेलवे स्टेशन पर लगभग सभी आवश्यक निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं।लेकिन रेल विभाग जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग उठाए जाने का रास्ता देख रहा है कि जनप्रतिनिधि मांग करें तो 6 ट्रेन चलाने पर विचार किया जा सकता है।जनमंच सदस्यों ने बताया कि चूंकि इंदौर से खंडवा तक ब्रॉडगेज कन्वर्जन का कार्य वर्ष 2014 में पूर्ण हो जाना था।लेकिन निर्धारित समय से 10 वर्ष बीत जाने के बाद वर्ष 2024 भी निकल गया है। लेकिन रेल विभाग अभी तक महू से चोरल के बीच ब्रॉडगेज कार्य से जुड़े कार्यों के टेंडर भी जारी नहीं कर पाया है।सामाजिक संगठन जनमंच के चंद्र कुमार सांड,सुनील जैन,अनुराग बंसल और कमल नागपाल,ने कहा कि यदि इंदौर तक ब्रॉडगेज निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर हो तो आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 तक खंडवा-इंदौर ब्रॉडगेज रेल लाइन की सुविधा क्षेत्रवासियों को मिल सकती है।लेकिन अभी तक ओंकारेश्वर रोड स्टेशन पर मात्र एक ट्रैक ही डाला गया है।सांसद ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा सुझाव देने के पश्चात भी पिटलाइन और यार्ड अथवा वॉशिंग सुविधा आदि का प्रावधान नहीं किया गया हैतीर्थ नगरी ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे स्टेशन पर चार अतिरिक्त प्लेटफार्म की आवश्यकता है, ताकि यहां से नियमित ट्रेन चलाई जा सके। लेकिन रेलवे विभाग ओंकारेश्वर रोड रेलवे स्टेशन को टर्मिनस या जंक्शन बनाने में रुचि नहीं दिखा रहा है। इसी तरह सनावद में पूर्व में मीटरगेज रेल लाइन के समय सनावद रेलवे स्टेशन पर पांच सौ मुसाफिरों की क्षमता वाला यात्री प्रतीक्षालय तथा एक वेटिंग रूम हुआ करता था, लेकिन रतलाम रेल डिवीजन ने ब्रॉडगेज के नए सनावद रेलवे स्टेशन को यात्री प्रतीक्षालय और वेटिंग रूम की सुविधाओं से वंचित कर दिया है।सदस्यों ने रेल विभाग से सनावद में भी यात्री प्रतीक्षालय की मांग की हे।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत अयोध्या जाने वाले तीर्थ यात्रियों का महापौर ने किया स्वागत व सम्मान, दी बिदाई

खंडवा। पावन अयोध्या तीर्थ यात्रा के अंतर्गत 27 फरवरी शुक्रवार को खंडवा रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन स्पेशल ट्रेन द्वारा खंडवा जिले के 779 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए दोपहर 3:55 को रवाना हुआ। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पूरे देश के इतिहास में मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से 60 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के लिए तीर्थ दर्शन योजना लगातार चल रही है मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में प्रत्येक जिले से अयोध्या, रामेश्वर, शिरडी, जगन्नाथ पुरी, वैष्णो देवी, काशी, हरिद्वार एवं अन्य तीर्थों पर निशुल्क श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए सभी सुविधाओं के साथ ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत खंडवा जिले से 779 तीर्थ यात्री एवं अनुरक्षक सहित 20 कर्मचारी जिसमें डॉक्टर और पुलिस बल भी शामिल है तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए शुक्रवार को अयोध्या के लिए रवाना हो गए तीर्थ यात्रियों की या ट्रेन 2 मार्च को वापस खंडवा पहुंचेगी। रेलवे स्टेशन पर अयोध्या जाने वाले सभी तीर्थ यात्रियों का महापौर अमृता अमर यादव ने पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत एवं सम्मान करते हुए उन्हें मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

प्रेरक शिक्षा विद डॉ. सीएम मेहता आज होंगे सेवानिवृत

जावरा।

शहर के भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लंबं समय तक अपनी सेवा देने वाले डॉ. सीएम. मेहता 1983 से उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के विभिन्न महाविद्यालय में कार्यरत रह कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान कर आज 28 फरवरी 2026को सेवा निवृत हो रहे है।

वर्तमान में डॉ मेहता शासकीय महाविद्यालय, कालूखेड़ा में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ मेहता ने शैक्षणिक जगत का 42 वर्षों का अनुभव का लंबा सफर तय किया है। 42 वर्षों का समर्पण और ज्ञान का प्रकाश विधार्थियों का उज्ज्वल भविष्य और महाविद्यालय की प्रगति के लिए मिल का पत्थर रहा है। शिक्षा के प्रति आपका समर्पण, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व सहृदयता सदैव अनुकरणीय रहेगी।

27 पुस्तके हो चुकी प्रकाशित

आपके द्वारा लिखी गई वाणिज्य विषय की 27 पुस्तकें अभी तक प्रकाशित हो चुकी है। मध्यप्रदेश हिंदी ग्रन्थ अकादमी भोपाल के श्रेष्ठ लेखक एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में ख्याति प्राप्त है। राष्ट्रीय एवं अन्तर राष्ट्रीय संगोष्ठियों में 52 शोध पत्रों का वाचन एवम बीज वक्तव्य दे

चुके है। चार राष्ट्रीय संगोष्ठियों का आन लाइन संचालन कर चुके है। आपके 32 शोध पत्र राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके है। आपके निर्देशन मे चार शोधार्थियों को पीएच.डी अवार्ड हो चुकी है तथा 8 शोधार्थी पंजीकृत है।

इसरो की टीम से लिया प्रशिक्षण

डॉ मेहता इसरो की टीम से प्रशिक्षित है सेट कॉम प्रशासकीय अकादमी भोपाल से आपके 6 व्याख्यान आभासी कक्षाओं हेतु प्रसारित हो चुके है, जिससे सम्पूर्ण प्रदेश के विधार्थी लाभान्वित हुए है। आकाशवाणी केंद्र इंदौर से तीन बार आपकी वार्ताए प्रसारित हो चुकी है। विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन के श्रेष्ठ रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के रूप में 2 विश्वविधालय स्तरीय एवं 2 जिलास्तरीय विशेष शिविरों का संचालन कर चुके हैं शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा आप लोकसभा, विधानसभा त्रिस्तरीय पंचायती राज एवं नगर पालिका के आम चुनावों में मास्टर ट्रेनर के रूप में अमूल्य योगदान प्रदान किया है। राष्ट्रीय नीति 2020 के वाणिज्य विषयों के नवीन पाठ्यक्रम निर्माण में आपने केंद्रीय अध्ययन मंडल को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है। आपका यह योगदान अविस्मरणीय रहेगा। डॉ. मेहता कुशलप्रशासक, लेखक ,प्रेरक शिक्षाविद कुशल वक्ता एवं मंच संचालक भी रहे है।

जनगणना कांस्य पदक ने दिलाया गौरव

डॉ. मेहता को असाधारण एवं उच्च कोटि की सेवाओं के लिए भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्वारा जनगणना कांस्य पदक, हिमाचल के राज्यपाल द्वारा आई.टी.अवार्ड, उत्तरप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षा विद अवार्ड, अंतरराष्ट्रीय जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ झोन कोआर्डिनेटर अवॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगम द्वारा काव्य कौस्तुभ एवं काव्य कीर्ति अवॉर्ड, राजस्सरीय मास्टर ट्रेनर अवार्ड (लोकसभा, विधानसभा आम चुनाव) नगर पालिका एवं लायंस क्लब जावरा द्वारा श्रेष्ठशिक्षा विद अवार्ड, साक्षरता अभियान में रतलाम जिले में श्रेष्ठ कार्य करने पर आपको अक्षर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जैन सोश्यल ग्रुप मध्य प्रदेश रीजन के पी.आर.ओ.प्रदीप सेठिया द्वारा प्रदान कर बताया कि डॉ. मेहता शैक्षणिक जगत के अलावा कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके है। साथ ही अनेक विधार्थियों को आर्थिक मदद कर उनके अध्ययनक्रम को नियमित रखा।

यूजीसी समता विनियम के समर्थन में बहुजन संगठनों का प्रदर्शन, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

जावरा।

समस्त बहुजन संगठनों के नेतृत्व में शुक्रवार को जावरा अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय पहुंचकर केंद्र सरकार द्वारा जारी यूजीसी को प्रभावी रूप से लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति, राज्यपाल एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया गया कि अखिल भारतीय समता मंच के आह्वान पर एससी, एसटी एवं ओबीसी संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश द्वारा संविधान प्रदत्त अधिकारों, सामाजिक न्याय और समतामूलक व्यवस्था के संरक्षण के लिए यह पहल की गई है। प्रतिनिधियों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में समता समिति गठित करने की मांग रखते हुए कहा कि हर संस्थान में ऐसी समिति बनाई जाए जिसमें कम से कम 50 प्रतिशत सदस्य अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिलाएं और दिव्यांग वर्ग से हों तथा

समिति निर्धारित समय में कार्रवाई कर अपनी छमाही रिपोर्ट राज्य व केंद्र के शिक्षा मंत्रालय को भेजे, जिसे संसद के पटल पर रखा जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि रोहित वेमुला व पायल तड़वी जैसे मामलों के बाद लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप यूजीसी समता विनियम2026 लागू किए गए, जिनमें पहली बार एससीएसटी के साथ ओबीसी वर्ग को भी शामिल किया गया है। संगठनों का आरोप है कि कुछ पक्षों ने इस विनियम को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देकर इसे उच्च जातियों के विरुद्ध बताने का प्रयास किया, जबकि यह सामाजिक न्याय व समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम है। संगठनों ने उच्च शिक्षा संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव, कम प्रतिनिधित्व, शिकायतों पर कार्रवाई की कमी, निष्क्रिय एंटीडिस्क्रिमिनेशन समितियों और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की कमजोर व्यवस्था पर चिंता जताते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 21, 46 और 335 की भावना के विपरीत बताया। इस दौरान जीतू मालवीय, दीपक परमार, असावती विनोद गणावा, राम राठौर, जितेंद्र राणा, किशन मईड़ा, रोहित गुजराती, नवीन पुरुषोत्तम बोडाना, अनिल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ये है प्रमुख मांगें

यूजीसी 2026 अधिसूचना को संसद द्वारा कानून बनाकर लागू किया जाए।

संस्थागत जातिवाद को दंडनीय अपराध घोषित कर कुलपति, प्रोफेसर व प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

नियमों को सभी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, आईआईटी, आईआईएम, एम्स सहित सरकारीनिजी संस्थानों पर लागू किया जाए।

उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय समता आयोग का गठन कर उसे संवैधानिक दर्जा व स्वतंत्र जांच अधिकार दिए जाएं।

जातीय उत्पीड़न या आत्महत्या मामलों की जांच स्वतंत्र एजेंसी/सीबीआई से कराकर पीड़ित परिवारों को न्याय व मुआवजा दिया जाए।

समता प्रकोष्ठों की नियमित निगरानी एवं सोशल ऑडिट सुनिश्चित किया जाए तथा आदिवासी व वंचित विद्यार्थियों के लिए भेदभावमुक्त वातावरण बनाया जाए।

ज्ञापन में कहा गया कि यह केवल छात्रों का मुद्दा नहीं बल्कि संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय का प्रश्न है तथा इन विनियमों का प्रभावी क्रियान्वयन उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण व संवेदनशील बनाएगा।

संघ के सेवा कार्यों को लेकर बनाई गई शतक फिल्म को शुक्रवार को भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने देखा

खंडवा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण हुए संघ के सेवा कार्यों को लेकर फिल्म शतक का निर्माण किया गया, जिसका प्रसारण शुक्रवार को अभिषेक सिनेमा में प्रातः 9:30 बजे हुआ भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने इस फिल्म को दिखा राष्ट्र जीवन के पुनरुत्थान, सांस्कृतिक जागरण और संगठित समाज निर्माण के महान उद्देश्य से स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने 100 वर्ष पूर्ण कर राष्ट्र सेवा की एक गौरवशाली शताब्दी का इतिहास रचा है। समाजसेवी वह प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि संघ की स्थापना परमपूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा इस संकल्प के साथ की गई थी कि संगठित, संस्कारित और चरित्रवान समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार बन सकता है। इसी शताब्दी वर्ष की प्रेरणादायी गाथा को चलचित्र के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली फिल्म 'शतक' का सामूहिक प्रदर्शन शुक्रवार को प्रातः 9:30 बजे खंडवा के अभिषेक सिनेमा में भाजपा के जिला संगठन प्रभारी अंबाराम कराडा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव के नेतृत्व में आयोजित किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि फिल्म 'शतक' में संघ की स्थापनाग की पृष्ठभूमि, स्वतंत्रता पूर्व की राष्ट्रीय परिस्थितियाँ, संगठन निर्माण की तपश्चर्या, अनुशासन एवं सेवा कार्यों की विस्तृत परंपरा को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है। चलचित्र यह स्पष्ट करता है कि किस प्रकार एक विचार से प्रारंभ हुआ यह संगठन आज सेवा, समरसता, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक जागरण का व्यापक अभियान बन चुका है। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी अंबाराम जी कराडा ने कहा कि 100 वर्ष संघ के पूर्ण हुए हैं, संघ के स्वयंसेवकों का सेवा कार्य एवं राष्ट्र निर्माण का कार्य अद्भुत है, जिसे देश ही नहीं विश्व मानता है, आजादी की लड़ाई से लेकर समस्त सेवा कार्यों में स्वयं सेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका निस्वार्थ रही है, इस पर आधारित फिल्म शतक को आज हम सभी कार्यकर्ताओं ने देखा। महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने कहा कि इस फिल्म के माध्यम से समाज विशेषकर युवा पीढ़ी को संघ की मूल विचारधारा, संगठन शक्ति, सेवा संस्कार और राष्ट्र प्रथम के संकल्प से परिचित कराना उद्देश्य है। 'शतक' केवल एक ऐतिहासिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना को जागृत करने वाला सशक्त माध्यम है, जो समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के समापन पर संघ प्रार्थना की गई तथा सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में 'वंदे मातरम' का गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त की। सुनील जैन ने बताया कि उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र निर्माण के कार्यों में और अधिक ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ सक्रिय रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन के प्रभारी अंबाराम कराडा भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर , जिला जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पिंकी वानखेड़े , महापौर अमृता अमर यादव, पूर्व विधायक देवेन्द्र वर्मा , राम डांगोरे , सुभाष कोठारी, राजेश डोगरे, सेवादास पटेल , नरेंद्र सिंह तोमर ,जिला महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, संतोष सोनी, सूरजपाल सिंह सोलंकी, राजेश तिवारी, अमर यादव , प्रवक्ता सुनील जैन,जिला उपाध्यक्ष प्रियांशु वीरे, तपन डोगरे, सुधांशु जैन, इंदमती दुबे सहित नगर निगम के द्वंद्व सदस्य पार्षदगण, संगठन के मंडल अध्यक्ष स्नेहा पंवार , रोहित मिश्रा , प्रदीप यादव, हरीश सेन कार्यालय मंत्री, आशीष राजपूत भारत पटेल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खाटू श्याम दरबार में गूंजे फाग के रंग

जावरा। लीनेस क्लब जावरा द्वारा सदस्य संगीता सोनी के सौजन्य से मंदसौर स्थित खाटू श्याम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर

भक्ति, संगीत और रंगों की उमंग से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा खाटू श्याम के आकर्षक शृंगार और विधिवत आरती से हुई। आरती के बाद आयोजित भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण भजनों पर झूमते हुए फाग की परंपरा का आनंद लिया। वातावरण श्याम नाम के जयकारों से भक्तिमय बना रहा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी एवं स्वल्पाहार का वितरण किया गया। आयोजन में उपस्थित सभी सदस्यों ने मिलकर सेवा कार्यों में भाग लिया और भक्तों की सेवा की। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण, माइक्रो कैबिनेट मेंबर्स पुष्पा गुप्ता, क्लब जावरा अध्यक्ष विनीत सोनी, कोषाध्यक्ष संगीता सोनी, संतोष शर्मा, रमा अग्रवाल, श्याम सोनी सहित क्लब की अनेक लीनेस बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी ने बाबा खाटू श्याम से सुखसमृद्धि और समाज में प्रेमसौहार्द बने रहने की प्रार्थना की। फाग उत्सव ने श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और एकता का संदेश दिया।

14 वर्ष की बालिकाओं को कल लगेगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का मुफ्त टीका

जावरा।

भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सिविल हॉस्पिटल जावरा के न्यू मैटरनिटी विंग में शनिवार सुबह 10 बजे से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जाएगी। इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रतलाम डॉ. संध्या बेलसरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील के मार्गदर्शन तथा सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी एवं सिविल हॉस्पिटल

जावरा प्रभारी डॉ. दीपक पालड़िया के निर्देशन में विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित किया जा रहा है। प्रारंभिक 90 दिनों के विशेष अभियान में 14 वर्ष आयु की सभी बालिकाएं यह टीका पूरी तरह मुफ्त लगवा सकेंगी।

85 प्रतिशत तक कम होगा कैंसर का खतरा

उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में यह टीका लगने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा लगभग 85 प्रतिशत तक कम हो जाता है। बाजार में इस टीके की कीमत करीब 4000 रुपये है, जबकि यहां इसे निःशुल्क लगाया जा रहा है। टीका 0.5 एमएल की सिंगल डोज के रूप में इंट्रामस्क्युलर लगाया जाएगा। सिविल हॉस्पिटल जावरा के कोल्ड चेन सेंटर पर सुपरवाइजर अनिल पटेल द्वारा कुल 930 डोज एचपीवी वैक्सीन प्राप्त कर ली गई हैं। यह वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के टाइप 16 और 18 से प्रमुख सुरक्षा प्रदान करती है तथा टाइप 6 और 11 से भी बचाव करती है। अभियान के लिए बीईई बसंतीलाल मईड़ा को नोडल अधिकारी एवं बीपीएम रघुनंदन पाटीदार को सहसमन्वयक बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष की बेटियों को निर्धारित समय पर अस्पताल लाकर यह जीवनरक्षक टीका अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में होने वाले गंभीर कैंसर से समय रहते सुरक्षा मिल सके।

भारत विकास परिषद ने किया फिल्म शतक का प्रदर्शन

जावरा।

भारत विकास परिषद शाखा जावरा द्वारा संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निर्मित प्रेरणादायी फिल्म शतक का विशेष आयोजन कर दीया गई। इस कार्यक्रम में परिषद परिवार के सदस्य, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था अध्यक्ष पप्पूसिंह राठौर ने बताया कि भारत विकास परिषद निरंतर सेवा कार्यों के साथसाथ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में यह संग्राहक एवं विचारणीय फिल्म दिखाई गई, जो वीर सपूतों के त्याग, राष्ट्र निर्माण की भावना तथा एक विचार के माध्यम से समाज को संगठित कर अखंड भारत की कल्पना को साकार करने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि यह विचारधारा आज एक वटवृक्ष के रूप में विकसित हो चुकी है।

कार्यक्रम में परिषद परिवार के प्रांतीय नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी शेखर नाहर एवं संस्था बदबू संजय गोस्वामी (पिपलोदा) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शेखर नाहर ने कहा कि यह फिल्म

परिवार, बच्चों और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है तथा आने वाली पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण की दिशा में सकारात्मक सोच प्रदान करती है।

संगठित राष्ट्र का सजीव चित्रण हैं फिल्म में

विशेष अतिथि संजय गोस्वामी पिपलोदा ने अपने उद्बोधन में कहा कि संगठित समाज, संगठित संगठन और संगठित राष्ट्र किस प्रकार निर्माण होते हैं, इसका सजीव चित्रण इस फिल्म में किया गया है। उन्होंने बताया कि देश की स्वतंत्रता से लेकर आज के सशक्त भारत तक, वीर सपूतों के योगदान के कारण ही हम एकजुट होकर संपूर्ण अखंड भारत की कल्पना को साकार कर पा रहे हैं, जिसका सक्सेना, दिनेश सिसोदिया, कपिल पटेल, शिवाकांत शिवहरे, कुलजीत गुर, सुदीप भारती, राजेश भावसार नरेंद्र गोधा के साथ महिला शाखा से हेमलता शर्मा, निर्मला साधु, रितु सिसोदिया, रमिला पटेल, संगीता धनोतिया, संगीता पोरवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन उमेश अरोड़ा ने किया। आभार नितेश धनोतिया ने माना।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में संस्था के सचिव दिनेश भावसार, कोषाध्यक्ष दीपक गर्ग, संगठन मंत्री नितेश धनोतिया, वरिष्ठ सदस्य दीपक साधु, जगदीश उपमन्यु, राजेंद्र त्रिवेदी, निलेश मेहता, सौरभ गुप्ता, अमित मोदी, विनोद चौरसिया, प्रकाश अरोड़ा, प्रदीप श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गोटड़ीवाल, रामचंद्र पोरवाल, देवेंद्र भारद्वाज, कमल शर्मा, राजेंद्र शिकारी, सुदीप भारती, मुकेश धाकड़, सुधीर शर्मा, भूपेंद्र सक्सेना, दिनेश सिसोदिया, कपिल पटेल, शिवाकांत शिवहरे, कुलजीत गुर, सुदीप भारती, राजेश भावसार नरेंद्र गोधा के साथ महिला शाखा से हेमलता शर्मा, निर्मला साधु, रितु सिसोदिया, रमिला पटेल, संगीता धनोतिया, संगीता पोरवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन उमेश अरोड़ा ने किया। आभार नितेश धनोतिया ने माना।